समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 08 September 2026

# असम मे आंज नई सरकार का शपथ ग्रहण, लगातार दूसरी बार CM पद संभालेगें हिमंता बिस्वा सरमा

Sanket Morankar Published on 12 May 2026




असम में आज नई सरकार का गठन होने जा रहा है। हिमंता बिस्वा सरमा लगातार दूसरी बार राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। गुवाहाटी के वेटनरी कॉलेज ग्राउंड में आयोजित भव्य समारोह में सुबह 11:40 बजे शपथ ग्रहण होगा। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत कई राज्यों के मुख्यमंत्री और वरिष्ठ बीजेपी नेता मौजूद रहेंगे।

हिमंता बिस्वा सरमा के साथ चार विधायक भी मंत्री पद की शपथ लेंगे। इनमें रामेश्वर तेली, अतुल बोरा, चरण बोरो और अजंता नियोग शामिल हैं। हिमंता ने खुद सोशल मीडिया के जरिए इसकी जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में उनके सहयोगी मंत्री पद की शपथ लेंगे।

अतुल बोरा असम गण परिषद (AGP) के अध्यक्ष हैं, जबकि चरण बोरो बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (BPF) से विधायक हैं। दोनों पहले भी एनडीए सरकार में मंत्री रह चुके हैं। अजंता नियोग पिछली सरकार में भी मंत्री थीं, जबकि रामेश्वर तेली पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री रह चुके हैं और इस चुनाव में राज्य की राजनीति में वापसी की है।

हिमंता बिस्वा सरमा ने यह भी घोषणा की कि विधायक रंजीत दास को असम विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए एनडीए का उम्मीदवार बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि नई सरकार एक मजबूत, विकसित और समृद्ध असम के निर्माण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करेगी।

गुवाहाटी पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार रात ही गुवाहाटी पहुंच गए थे। लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हिमंता बिस्वा सरमा और बीजेपी नेताओं ने उनका स्वागत किया। हिमंता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि पीएम मोदी का यह दौरा असम के इतिहास में महत्वपूर्ण अवसर है, क्योंकि राज्य में लगातार तीसरी बार बीजेपी-एनडीए सरकार बनने जा

रही है।

समारोह में शामिल होंगी कई बड़ी हस्तियां

शपथ ग्रहण समारोह में केंद्र सरकार और एनडीए शासित राज्यों के कई दिग्गज नेता शामिल होंगे। इनमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, शिवराज सिंह चौहान, ज्योतिरादित्य सिंधिया, चिराग पासवान और ललन सिंह प्रमुख हैं।

इसके अलावा दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी सहित कई मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे।

बीजेपी कार्यकर्ताओं, उद्योगपतियों, धार्मिक नेताओं और एनडीए समर्थकों की भारी भीड़ को देखते हुए गुवाहाटी में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। असम में लगातार तीसरी बार एनडीए सरकार बनने को बीजेपी बड़ी राजनीतिक उपलब्धि के रूप में देख रही है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.